आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 14.08.2025 समय : 02.10pm

राष्ट्रपति–संबोधन

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज उनासीवें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करेंगी। यह संबोधन शाम 7 बजे से आकाशवाणी के साथ हि दूरदर्शन के सभी चैनलों पर हिंदी और अंग्रेज़ी भाषा सुना जा सकेगा। इसके बाद, क्षेत्रीय चैनलों और नेटवर्क पर पर इसे विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में भी प्रसारित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री तिरंगा यात्रा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज भोपाल में आयोजित विभिन्न तिरंगा यात्राओं में शामिल हुए। सुबह बड़े तालाब के बोट क्लब पर आयोजित नाव तिरंगा यात्रा की मुख्यमंत्री ने शुरुआत की । इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने नाव में सवार होकर तिरंगा यात्रा निकाली। इस अवसर मुख्यमंत्री ने कहा कि तिरंगा यात्राओं से जनता ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मना रही है।

विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस

आज विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस है। इस दिवस पर 1947 में भारत के विभाजन के दौरान पीड़ितों और कष्टों को याद किया जाता है। इस दिन राष्ट्र उन सभी लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करता है जिन्होंने 1947 में विभाजन के दौरान अपने प्राणों की आहुति दी और अकल्पनीय पीड़ा झेली। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह दिन हमारे इतिहास के उस दुखद अध्याय के दौरान अनगिनत लोगों द्वारा झेले गए उथल-पुथल और दर्द की याद दिलाता है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपनी जान गंवाने वाले लोगों को याद करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि दी। प्रदेश में भी आज कई कार्यक्रमों के आयोजन हो रहे हैं।

हर घर तिरंगा अभियान

प्रदेश में आज बड़ी संख्या हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। जबलपुर मे आज नर्मदा तट जिलहरी और तिलवारा घाट पर 350 लोगों ने नर्मदा नदी में तैरते हुए 10 किलोमीटर की अखंड भारत संकल्प तिरंगा तैराकी यात्रा निकाली। मैहर में आज हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन द्वारा सुबह 10 बजे ˙ तिरंगा बाइक रैली निकाली गई A इस विधायक श्री कांत चतुर्वेदी और कलेक्टर रानी बाटड ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। झाबुआ में हर घर स्वच्छता अभियान के तहत राजवाड़ा चौक पर पुलिस बैंड और देशभक्ति गीतों की प्रस्तुतियां दी गईं।

डायल 112

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा कुशाभाऊ ठाकरे सभागार, भोपाल में आज प्रदेश की नवीन आपातकालीन सेवा 'डायल 112' का शुभारंभ कियां प्रदेश में अब डायल 100 अपराधियों को पकड़ते हुए और गश्त लगाते हुए नजर नहीं आएगी। इसकी जगह नवीन आपातकालीन सेवा डायल 112 शुरू हो गई है। इसमें अधिक अत्याधुनिक तकनीक और बेहतर रिस्पॉन्स की सुविधा होगी। कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना भी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री-मंडला

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज मंडला के आरडी कॉलेज में आयोजित कृष्ण भ्राता, कृषि देवता भगवान बलराम जयंती समारोह में शामिल होंगे और मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना में प्रदेश के करीब 83 लाख किसानों के खातों में 1671 करोड़ रुपये की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित करेंगे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री 226.12 करोड़ रुपये की लागत के कुल 24 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण करेंगे ।

समाचार संक्षेप में .....

- ग्वालियर के महाराज बाड़ा स्थित केद्रीय पुस्तकालय के रंगनाथन सभागार में आज से भारतीय संविधान की मूल प्रति आम जनों के अवलोकनार्थ रखी गई है ।
- आज बलराम जन्मोत्सव का आयोजन पन्ना के ऐतिहासिक बलदाउ मंदिर में किया गया है। जिसमें सांसद वीडी शर्मा और अन्य गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया।
- पन्ना में दो दिवसीय श्रीकृष्ण पर्व आयोजित किया जाएगा, इस अवसर पर श्रीकृष्ण जन्म, जीवन लीलाओं और भक्ति–भजन गायन की प्रस्तुतियां होंगी।
- जबलपुर में अगले दो माह डीजे–रैलियों पर प्रतिबंध रहेगा, किसी भी आयोजन से पहले प्रशासन से अनुमति लेनी पड़ेगी।
- शिवपुरी जिला मुख्यालय पर स्थित पंचायती राज प्रशिक्षण केंद्र में कल पंचायत उन्नति सूचकांक को लेकर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- मौसम विभाग ने मालवा निमाड़ में अगले तीन दिन अति भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इसके चलते इन्दौर, उज्जैन, धार में भारी बारिश की संभावना है।